पस्सि वि [**दर्शिन्**] देखने वाला; (पण्ण ३०)।

पस्सेय देखो **पसेअ**; (सुख २, ८)।

पह वि [**प्रह्व**] १ नम्र; २ विनीत; ३ आसक्त; (प्राकृ २४)।

पह पुं [**पथिन्**] मार्ग, रास्ता; (हे १, ८८; पाअ; कुमा; श्रा २८; विसे १०५२; कप्प; औप)। °देसय वि [°देशक] मार्ग-दर्शक; (पउम ६८, १७)।

पहएल्ल पुं [**दे**] पूप, पूआ, खाद्य-विशेष; (दे ६, १८)।

पहंकर देखो **पभंकर**; (उत्त २३, ७६; सुख २३, ७६; इक)।

पहंकरा देखो **पभंकरा**; (इक)।

पहंजण पुं [**प्रभञ्जन**] १ वायु, पवन; (पाअ)। २ देव-जाति-विशेष, भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति; (सुपा ४०)। ३ एक राजा; (भवि)।

पहकर [**दे**] देखो **पहयर**; (णाया १, १; कप्प; औप; उप पृ ४७; विपा १, १; राय; भग ६, ३३)।

पहट्ठ वि [**दे**] १ दृप्त, उद्धत; (दे ६, ६; षड्)। २ अचिरतर दृष्ट, थोड़े ही समय के पूर्व देखा हुआ; (षड्)।

पहट्ठ वि [**प्रहृष्ट**] आनन्दित, हर्ष-प्राप्त; (औप; भग)।

पहण सक [**प्र+हन्**] मार डालना। पहणइ, पहणे; (महा; उत्त १८, ४६)। कर्म—पहणिज्जइ; (महा)। वकृ—**पहणंत**; (पउम १०५, ६५)। कवकृ—**पहम्मंत**, **पहम्ममाण**; (पि ५४०; सुर २, १४)। हेकृ—**पहणिउं**, **पहणेउं**; (कुप्र २५; महा)।

पहण न [**दे**] कुल, वंश; (दे ६, ५)।

पहणि स्त्री [**दे**] संमुखागत का निरोध; सामने आए हुए का अटकाव; (दे ६, ५)।

पहणिय देखो **पहय**=प्रहत; (सुपा ४)।

पहत्थ पुं [**प्रहस्त**] रावण का मामा; (से १२, ५५)।

पहद वि [**दे**] सदा दृष्ट; (दे ६, १०)।

पहम्म सक [**प्र+हम्म्**] प्रकर्ष से गति करना। पहम्मइ; (हे ४, १६२)।

पहम्म न [**दे**] १ सुर-खात, देव-कुण्ड; (दे ६, ११)। २ खात-जल, कुण्ड; ३ विवर, छिद्र; (से ६, ४३)।

पहम्मंत, **पहम्ममाण** } देखो **पहण**=प्र+हन्।

पहय वि [**प्रहत**] १ घृष्ट, घिसा हुआ; (से १, ५८; बृह १)। २ मार डाला गया, निहत; (महा)।

पहय वि [**प्रहृत**] जिस पर प्रहार किया गया हो वह; "पहया अहिमंतियजलेण" (महा)।

पहयर पुं [**दे**] निकर, समूह, यूथ; (दे ६, १५; जय १२; पाअ)।

पहर सक [**प्र+हृ**] प्रहार करना। पहरइ; (उव)। वकृ—**पहरंत**; (महा)। संकृ—**पहरिऊण**; (महा)। हेकृ—**पहरिउं**; (महा)।

पहर पुं [**प्रहार**] १ मार, प्रहार; (हे १, ६८; षड्; प्राप्र; संक्षि १)। २ जहां पर प्रहार किया गया हो वह स्थान; (से २, ४)।

पहर पुं [**प्रहर**] तीन घंटे का समय; (गा २८; ३१; पाअ)।

पहरण न [**प्रहरण**] १ अस्त्र, आयुध; (आचा; औप; विपा १, १; गउड)। २ प्रहार-क्रिया; (से ३, ३८)।

पहराइया देखो **पहाराइया**; (पराण १—पत्र ६४)।

पहराय पुं [**प्रभराज**] भरतक्षेत्र का छठवाँ प्रतिवासुदेव; (सम १५४)।

पहरिअ वि [**प्रहृत**] १ प्रहार करने के लिए उद्यत; (सुर ६, १२६)। २ जिस पर प्रहार किया गया हो वह; (भवि)।

पहरिस पुं [**प्रहर्ष**] आनन्द, खुशी; "आमोओ पहरिसो तोसो" (पाअ; सुर ३, ४०)।

पहलादिद (शौ) वि [**प्रह्लादित**] आनन्दित; (स्वप्न १०६)।

पहल्ल अक [**घूर्ण्**] घूमना, काँपना, डोलना, हिलना। पहल्लइ; (हे ४, ११७; षड्)। वकृ—**पहल्लंत**; (सुर १, ६६)।

पहल्लिर वि [**प्रघूर्णित**] घूमने वाला, डोलता; (कुमा; सुपा २०४)।

पहव अक [**प्र+भू**] १ उत्पन्न होना। २ समर्थ होना। पहवइ; (पंचा १०, १०; स ७०; संक्षि ३६)। भवि— पहविस्सं; (पि ५२१)। वकृ— **पहवंत**; (नाट—मालवि ७२)।

पहव पुं [**प्रभव**] उत्पत्ति-स्थान; (अभि ४१)।

पहव देखो **पहाव**=प्रभाव; (स ६३७)।

पहव देखो **पह**=प्रह्व; (विसे ३००८)।

पहव पुं [**प्रभव**] एक जैन महर्षि; (कुमा)।

पहविय वि [**प्रभूत**] जो समर्थ हुआ हो; "मणिकुंडलाणु- भावा सत्थं नो पहवियं नरिंदस्स" (सुपा ६१५)।

पहस अक [**प्र+हस्**] १ हसना। २ उपहास करना। पहसइ; (भवि; सण)। वकृ—**पहसंत**; (सण)।

पहसण न [**प्रहसन**] १ उपहास, परिहास; २ नाटक का एक भेद, रूपक-विशेष; "पहसणप्पायं कामसत्थवयणं" (स ७१३; १७७; हास्य ११६)।

पहसिय वि [**प्रहसित**] १ जो हसने लगा हो; (भग)। २ जिसका उपहास किया गया हो वह (भवि)। ३ न. हास्य; (बृह १)। ४ पुं. पवनञ्जय का एक विद्याधर-मित्र; (पउम १५, ५६)।

पहा सक [**प्र+हा**] १ त्याग करना। २ अक. कम होना, क्षीण होना। "पहेज्ज लोहं" (उत्त ४, १२; पि ५६६)। वकृ—**पहिज्जमाण, पहेज्जमाण**; (भग; राज)। संकृ— **पहाय, पहिऊण**; (आचा १, ६, १, १; वव ३)।

पहा स्त्री [**प्रथा**] १ रीति, व्यवहार; २ ख्याति, प्रसिद्धि; (षड्)।

पहा स्त्री [**प्रभा**] कान्ति, तेज, आलोक, दीप्ति; (औप; पाअ; सुर २, २३५; कुमा; चेइय ५१४)। °**मंडल** देखो **भामंडल**; (पउम ३०, ३२)। °**यर** पुं [°**कर**] १ सूर्य, रवि; २ रामचन्द्र के भाई भरत के साथ दीक्षा लेने वाला एक राजर्षि; (पउम ८५, ५)। °**वई** स्त्री [°**वती**] आठवें वासुदेव की पटरानी; (पउम २०, १८७)।

पहाड सक [**प्र+धाटय्**] इधर उधर भमाना, घुमाना। पहाडेंति; (सूअनि ७० टी)।

पहाण वि [**प्रधान**] १ नायक, मुखिया, मुख्य; "अवगन्नइ सव्वेवि हु पुरप्पहाणेवि" (सुपा ३०८), "तत्थत्थि वणिप्प- हाणो सेट्ठी वेसमणनामओ" (सुपा ६१७)। २ उत्तम, प्रशस्त, श्रेष्ठ, शोभन; (सुर १, ४८; महा; कुमा; पंचा ६, १२)। ३ स्त्रीन. प्रकृति—सत्त्व, रज और तमोगुण की साम्यावस्था; "ईसरेण कडे लोए पहाणाइ तहावरे" (सूअ १, १, ३, ६)। ४ पुं. सचिव, मन्त्री; (भवि)।

पहाण न [**प्रहाण**] अपगम, विनाश; (धर्मसं ८७५)।

पहाणि स्त्री [**प्रहाणि**] ऊपर देखो; (उत्त ३, ७; उप ६८६ टी)।

पहाम सक [**प्र+भ्रमय्**] फिराना, घुमाना। कवकृ—**पहा- मिज्जंत**; (से ७, ६६)।

पहाय देखो **पहा**=प्र+हा।

पहाय न [**प्रभात**] १ प्रातःकाल, सवेरा; (गउड; सुपा ३६; ६०२)। २ वि. प्रभा-युक्त; (से ६, ४४)।

पहाय देखो **पहाव**=प्रभाव; (हे ४, ३४१; हास्य १३२; भवि)।

पहाया देखो **वाहाया**; (अनु)।

पहार सक [**प्र+धारय्**] १ चिन्तन करना, विचार करना। २ निश्चय करना। भूका —पहारेत्थ, पहारेत्था, पहारिंसु; (सूअ २, ७, ३६; औप; पि ५१७; सूअ २, १, २०)। वकृ —**पहारेमाण**; (सूअ २, ४, ४)।

पहार देखो **पहर**=प्रहार; (पात्र; हे १, ६८)।
पहाराइया स्त्री [**प्रहारातिगा**] लिपि-विशेष; (सम ३५)।
पहारि वि [**प्रहारिन्**] प्रहार करने वाला; (सुपा २१५; प्रासू ६८)।
पहारिय वि [**प्रहारित**] जिस पर प्रहार किया गया हो वह; (स ५६८)।
पहारिय वि [**प्रधारित**] विकल्पित, चिन्तित; (राज)।
पहारेत्तु वि [**प्रधारयितृ**] चिन्तन करने वाला; " अहाकम्मे अणवज्जेत्ति मणं पहारेत्ता भवति " (भग ५, ६)।
पहाव सक [**प्र+भावय्**] प्रभाव-युक्त करना, गौरवित करना। पहावइ; (सण)। संकृ -**पहाविऊण**; (सण)।
पहाव (अप) अक [**प्र+भू**] समर्थ होना। पहावइ; (भवि)।
पहाव पुं [**प्रभाव**] १ शक्ति, सामर्थ्य; "तुमं च तेतलिपुत्तस्स पहावेण" (णाया १, १४; अभि ३८)। २ कोष और दण्ड का तेज; ३ माहात्म्य; "तायपहावओ चेव मे अविग्घं भविस्सइ त्ति" (स २६०; गउड)।
पहावणा देखो **पभावणा**; (कुप्र २८४)।
पहाविअ वि [**प्रधावित**] दौड़ा हुआ; (स ५८४; गा ५३५; गउड)।
पहाविर वि [**प्रधावितृ**] दौड़ने वाला; (वज्जा ६२; गा २०२)।
पहास सक [**प्र+भाष्**] बोलना। पहासई; (सुख ४, ६), "नाऊण चुन्नियं तं पहिट्ठहियया पहासई पावा" (महा)।
पहास अक [**प्र+भास्**] चमकना, प्रकाशना। वकृ —**पहासंत**; (सार्ध ५६)।
पहासा स्त्री [**प्रहासा**] देवी-विशेष; (महा)।
पहिअ वि [**पान्थ, पथिक**] मुसाफिर; (हे २, १५२; कुमा; षड्; उव; गउड)। °**साला** स्त्री [°**शाला**] मुसाफिर-खाना, धर्मशाला; (धर्मवि ७०; महा)।
पहिअ वि [**प्रथित**] १ विस्तृत; २ प्रसिद्ध, विख्यात; (औप)। ३ राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६२)।
पहिअ वि [**प्रहित**] भेजा हुआ, प्रेषित; (उप पृ ४५; ७६८ टी; धम्म ६ टी)।
पहिअ वि [**दे**] मथित, विलोडित; (दे ६, ६)।
पहिऊण देखो **पहा**=प्र+हा।
पहिंसय वि [**प्रहिंसक**] हिंसा करने वाला; (ओघ ७५३)।

पहिज्जमाण देखो **पहा**=प्र+हा।
पहिट्ठ देखो **पहट्ठ**=प्रहृष्ट; (औप; सुर ३, २४८; सुपा ६३; ४३७)।
पहिर सक [**परि+धा**] पहिरना, पहनना। पहिरइ, पहिरंति; (भवि; धर्मवि ७)। कर्म—पहिरिज्जइ; (संबोध १४)। वकृ—**पहिरंत**; (सिरि ६८)। संकृ—**पहिरिउं**; (धर्म्मवि १५)। प्रयो—संकृ—**पहिरावेऊण, पहिराविऊण**; (सिरि ४५६; ७७०)।
पहिरावण न [**परिधापन**] १ पहिराना; २ पहिरावन, भेंट में—इनाम में—दिया जाता वस्त्रादि; गुजराती में—'पहिरामणी' (श्रा २८)।
पहिराविय वि [**परिधापित**] पहिराया हुआ; (महा; भवि)।
पहिरिय वि [**परिहित**] पहिरा हुआ, पहना हुआ; (सम्मत्त २१८)।
पहिल वि [**दे**] पहला, प्रथम; (संक्षि ४७; भवि; पि ४४६)। स्त्री—°**ली**; (पि ४४६)।
पहिल्ल अक [**दे**] पहल करना, आगे करना। पहिल्लइ; (पिंग)। संकृ—**पहिल्लिअ**; (पिंग)।
पहिल्लिर वि [**प्रघूर्णितृ**] खूब हिलने वाला, अत्यन्त हिलता; (सम्मत्त १८७)।
पहिवी देखो **पुहवी**=पृथिवी; (नाट)।
पहीण वि [**प्रहीण**] १ परिक्षीण; (पिंड ६३१; भग)। २ भ्रष्ट, स्खलित; (सूअ २, १, ६)।
पहु पुं [**प्रभु**] १ परमेश्वर, परमात्मा; (कुमा)। २ एक राज-पुत्र, जयपुर के विन्ध्यराज का एक पुत्र; (वसु)। ३ स्वामी, मालिक; (सुर ४, १५६)। ४ वि. समर्थ, शक्तिमान; " दाणं दरिद्दस्स पहुस्स खंती " (प्रासू ४८)। ५ अधि-पति, मुखिया, नायक; (हे ३, ३८)।
°**पहुइ** देखो °**पभिइ**; (कप्पू)।
पहुई देखो **पुहुवी**; (षड्)।
पहुंक पुं [**पृथुक**] खाद्य पदार्थ-विशेष, चिउड़ा; (दे ६, ४४)।
पहुच्च अक [**प्र+भू**] पहुँचना। पहुच्चइ; (हे ४, ३९०)। वकृ—**पहुच्चमाण**; (ओघ ५०५)।
पहुट्ट देखो **पप्फुट्ट**। पहुट्टइ; (कप्पू)।
पहुडि देखो **पभिइ**; (हे १, १३१; ती १०; षड्)।
पहुण पुं [**प्राघुण**] अतिथि, महमान; (उप ९०२)।

पहुणाइय न [**प्राघुण्य**] आतिथ्य, अतिथि-सत्कार; "न्हाण-भोयणवत्थाहरणदाणाइप्पहुणाडि(? इ)यं संपाडेइ" (रंभा)।

पहुत्त वि [**प्रभूत**] १ पर्याप्त, काफी; "पज्जत्तं च पहुत्तं" (पाअ; गउड; गा २७७)। २ समर्थ; (से २, ६)। ३ पहुँचा हुआ; (ती १५)।

पहुदि देखो **पभिइ**; (संचि ४; प्राकृ १२)।

पहुप्प } अक [**प्र+भू**] १ समर्थ होना, सकना। २ पहुँचना।
पहुव } पहुप्पइ; (हे ४, ६३; प्राकृ ६२), "एयाओ बालियाओ नियनियगेहेसु जह पहुप्पंति तह कुणह" (सुपा २५०), पहुप्पामो; (काल), पहुप्पिरे; (हे ३, १४२)। वकृ— "किं सहइ कोवि कस्सवि पाअपहारं **पहुप्पंतो**", **पहुप्पमाण**; (गा ७; ओघ ५०५; किरात १६)। कवकृ— **पहुव्वंत**; (से १४, २५; वव १०)। हेकृ—**पहुविउं**; (महा)।

पहुवी स्त्री [**पृथिवी**] भूमि, धरती; (नाट—मालती ७२)। °**पहु** पुं [°**प्रभु**] राजा; (हम्मीर १७)। °**वइ** पुं [°**पति**] वही अर्थ; (हम्मीर १६)।

पहुव्वंत देखो **पहुव**।

पहूअ वि [**प्रभूत**] १ बहुत, प्रचुर; (स ४५६)। २ उद्गत; ३ भूत; ४ उन्नत; (प्राकृ ६२)।

पहेज्जमाण देखो **पहा**=प्र+हा।

पहेण } न [**दे**] १ भोजनोपायन, खाद्य वस्तु की भेंट;
पहेणग } (आचा; सूअ २, १, ५६; गा ३२८; ६०३;
पहेणय } पिंड ३३५; पाअ; दे ६, ७३)। २ उत्सव; (दे ६, ७३)।

पहेरक न [**प्रहेरक**] आभरण-विशेष; (पराह २, ५—पत्र १४६)।

पहेलिया स्त्री [**प्रहेलिका**] गूढ़ आशय वाली कविता; (सुपा १५५; औप)।

पहोअ सक [**प्र+धाव्**] प्रक्षालन करना, धोना। पहोएज्ज; (आचा २, २, १, ११)।

पहोइअ वि [**दे**] १ प्रवर्तित; २ प्रभुत्व; (दे ६, २६)।

पहोड सक [**वि+लुल्**] हिलोरना, अन्दोलना। पहोडइ; (धात्वा १४४)।

पहोलिर वि [**प्रघूर्णितृ**] हिलने वाला, डोलता; (गा ७८; ६६६; से ३, ४६; पाअ)।

पहोव देखो **पधोव**। पहोवाहि; (आचा २, १, ६, ३)।

पा सक [**पा**] पीना, पान करना। भवि—पाहिसि, पाहामि, पाहामो; (कप्प; पि ३१५; कस)। कर्म—पिज्जइ; (उव), पीअंति; (पि ५३६)। कवकृ—**पिज्जंत**; (गउड; कुप्र १२०), **पीअमाण**; (स ३८२), **पेंत** (अप); (सण)। संकृ— **पाऊण, पाऊणं**; (नाट—मुद्रा ३६; गउड; कुप्र ६२)। हेकृ— **पाउं, पायए**; (आचा)। कृ—**पायव्व, पिज्ज**; (सुपा ४३८; पराह १, २; कुमा २, ६), **पेअ, पेयव्व**; (कुमा; रयण ६०), **पेज्ज**; (णाया १, १; १७; उवा)।

पा सक [**पा**] रक्षण करना। पाइ, पाअइ; (विसे ३०२५; हे ४, २४०), पाउ; (पिंग)।

पा सक [**घ्रा**] सूँघना, गन्ध लेना। पाइ, पाअइ; (प्राप्र ८, २०)।

पाइ वि [**पातिन्**] गिरने वाला; (पंचा ५, २०)।

पाइ वि [**पायिन्**] पीने वाला; (गा ५६७; हि ६)।

पाइअ न [**दे**] वदन-विस्तर, मुँह का फैलाव; (दे ६, ३६)।

पाइअ देखो **पागय**=प्राकृत; (दे १, ४; प्राकृ ८; प्रासू १; वज्जा ८; पाअ; पि ५३), "अह पाइआओ भासाओ" (कुमा १, १)।

पाइअ वि [**पायित**] पिलाया हुआ, पान कराया हुआ; (कुप्र ७६; सुपा १३०; स ४५४)।

पाइंत देखो **पाय**=पायय्।

पाइक्क पुं [**पदाति**] प्यादा, पैर से चलने वाला सैनिक; (हे २, १३८; कुमा)।

पाइण देखो **पाईण**; (पि २१५ टि)।

पाइत्ता (अप) स्त्री [**पवित्रा**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

पाइद [**शौ**] वि [**पाचित**] पकवाया हुआ; (नाट—चैत १२६)।

पाइभ न [**प्रातिभ**] प्रतिभा, बुद्धि-विशेष; (कुप्र १५५)।

पाइम वि [**पाक्य**] १ पकाने योग्य; २ काल-प्राप्त, मृत; (दस ७, २२)।

पाइम वि [**पात्य**] गिराने योग्य; (आचा २, ४, २, ७)।

पाई स्त्री [**पात्री**] १ भाजन-विशेष; (णाया १, १ टी)। २ छोटा पात्र; (सूअ २, २, ७०)।

पाईण वि [**प्राचीन**] १ पूर्वदिशा-संबन्धी; "ववहार-पाइणाई(? ईणाइ)" (पिंड ३६; कप्प; सम १०४)। २ न. गोत्र-विशेष; ३ पुं स्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न; "थेरे अज्ज-भद्दबाहू पाईणसगोत्ते" (कप्प)।

पाईणा स्त्री [**प्राचीना**] पूर्व दिशा; (सूत्र २, २, ५८; ठा ६—पत्र ३५६)।

पाउ देखो **पाउं**=प्रादुस्; (सूत्र २, ६, ११; उवा)।

पाउ पुं [**पायु**] गुदा, गाँड; (ठा ६—पत्र ४५०; सण)।

पाउ पुंस्त्री [**दे**] १ भक्त, भात, भोजन; २ इत्तु, ऊख; (दे ६, ७५)।

पाउअ न [**दे**] १ हिम, अवश्याय; (दे ६, ३८)। २ भक्त; ३ इत्तु; (दे ६, ७५)।

पाउअ देखो **पाउड**=प्राकृत; (गा ५२०; स ३५०; औप; सुर ६, ८; पाअ; हे १, १३१)।

पाउअ देखो **पागय**; (गा २; ६६८; प्राप्र; कप्पू; पिंग)।

पाउआ स्त्री [**पादुका**] १ खड़ाऊँ, काष्ठ का जूता; (भग; सुख २, २६; पिंड ५७२)। २ जूता, पगरखी; (सुपा २५४; औप)।

पाउं देखो **पा**=पा।

पाउं अ [**प्रादुस्**] प्रकट, व्यक्त; "संतिं असंतिं करिस्सामि पाउं" (सूत्र १, १, ३, १)।

पाउंछण } न [**पादप्रोञ्छन, °क**] जैन मुनि का एक **पाउंछणग** } उपकरण, रजोहरण; (पव ११२ टी; ओघ ६३०; पंचा १७, १२)।

पाउकर सक [**प्रादुस्+कृ**] प्रकट करना। भवि—पाउकरिस्सामि; (उत्त ११, १)।

पाउकर वि [**प्रादुष्कर**] प्रादुर्भावक; (सूत्र १, १५, २५)।

पाउकरण न [**प्रादुष्करण**] १ प्रादुर्भाव; २ वि. जो प्रकाशित किया जाय वह; ३ जैन मुनि के लिए एक भित्ता-दोष, प्रकाश कर दी हुई भिक्षा; "पकिण्णपाउकरणपामिच्चं" (पण्ह २, ५—पत्र १४८)।

पाउकाम वि [**पातुकाम**] पीने की इच्छा वाला; "तं जो णं णवियाए माउया एदुद्धं पाउकामे से णं निग्गच्छउ" (णाया १, १८)।

पाउक्क वि [**दे**] मार्गीकृत, मार्गित; (दे ६, ४१)।

पाउक्करण देखो **पाउकरण**; (राज)।

पाउक्खालय न [**दे. पायुक्षालक**] १ पाखाना, टट्टी, मलोत्सर्ग-स्थान; "ठाइ चेव एसो पाउक्खालयम्मि रयणीए" (स २७५; भत्त ११२)। २ मलोत्सर्ग-क्रिया; "रयणीए पाउक्खालयनिमित्तमुट्ठिओ" (स २०५)।

पाउग्ग वि [**दे**] सभ्य, सभासद; (दे ६, ४१; सण)।

पाउग्ग वि [**प्रायोग्य**] उचित, लायक; (सुर १५, २३३)।

पाउग्गिअ वि [**दे**] १ जूआ खेलाने वाला; २ सोढ, सहन किया हुआ; (दे ६, ४२; पाअ)।

पाउड देखो **पागय**; (प्राकृ १२; मुद्रा १२०)।

पाउड वि [**प्रावृत**] १ आच्छादित, ढका हुआ; (सूत्र १, २, २, २२)। २ न. वस्त्र, कपड़ा; (ठा ५, १)।

पाउण सक [**प्रा+वृ**] आच्छादित करना, पहिरना। पाउणइ; (पिंड ३१)। संकृ—"पडं **पाउणिऊण** रत्तिं णिग्गओ" (महा)।

पाउण सक [**प्र+आप्**] प्राप्त करना। पाउणइ; (भग)। पाउणंति; (औप; सूत्र १, ११, २१)। पाउणेज्जा; (आचा २, ३, १, ११)। भवि—पाउणिस्सामि, पाउणिहिइ; (पि ५३१; उत्रा)। संकृ—**पाउणित्ता**; (औप; णाया १, १; विपा २, १; कप्प; उवा)। हेकृ—**पाउणित्तए**; (आचा २, ३, २, ११)।

पाउण (अप) देखो **पावण**=पावन; (पिंग)।

पाउत्त देखो **पउत्त**=प्रयुक्त; (औप)।

पाउप्पभाय वि [**प्रादुष्प्रभात**] प्रभा-युक्त, प्रकाश-युक्त; "कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए" (णाया १, १; भग)।

पाउब्भव अक [**प्रादुस्+भू**] प्रकट होना। पाउब्भवइ; (पव ४०)। भूका—पाउब्भवित्था; (उवा)। वकृ—**पाउब्भवंत, पाउब्भवमाण**; (सुपा ६; कुप्र २६; णाया १, ५)। संकृ—**पाउब्भवित्ताणं**; (उवा; औप)। हेकृ—**पाउब्भवित्तए**; (पि ५७८)।

पाउब्भव वि [**पापोद्भव**] पाप से उत्पन्न; (उप ७६८ टी)।

पाउब्भवणा स्त्री [**प्रादुर्भवन**] प्रादुर्भाव; (भग ३, १)।

पाउब्भुय (अप) नीचे देखो; (सण)।

पाउब्भूय वि [**प्रादुर्भूत**] १ उत्पन्न, संजात; २ प्रकटित; (औप; भग; उवा; विपा १, १)।

पाउरण न [**प्रावरण**] वस्त्र, कपड़ा; (सूअनि ८६; हे १, १७५; पंचा ५, १०; पव ४; षड्)।

पाउरण न [**दे**] कवच, वर्म; (षड्)।

पाउरणी स्त्री [**दे**] कवच, वर्म; (दे ६, ४३)।

पाउरिअ देखो **पाउड**=प्रावृत; (कुप्र ४५२)।

पाउल वि [**पापकुल**] हलके कुल का, जघन्य कुल में उत्पन्न; "दवावियं पाउलाण दविणजायं" (स ६२६), "कलसद्द-पउरपाउलमंगलसंगीयपवरपेकखणयं" (सुर १०, ५)।

पाउल्ल न. देखो **पाउआ**; "पाउल्लाइं संकमट्ठाए" (सूत्र १, ४, २, १५)।

पाउव न [**पादोद**] पाद-प्रक्षालन-जल; "पाउवदाइं च गहाणुवदाइं च" (गाया १, ७—पत्र ११७)।

पाउस पुं [**प्रावृष्**] वर्षा ऋतु; (हे १, १९; प्राप्र; महा)। °**कीड** पुं [°**कीट**] वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाला कीट-विशेष; (दे)। °**गम** पुं [°**गम**] वर्षा-प्रारम्भ; (पाअ)।

पाउसिअ वि [**प्रावृषिक**] वर्षा-संबन्धी; (राज)।

पाउसिअ वि [**प्रोषित, प्रवासिन्**] प्रवास में गया हुआ; " तह मेहागमसंसियआगमणाणं पईण मुद्धाओ। मग्गमवलोयमाणीउ नियइ पाउसियदइयाओ ॥" (सुपा ७०)।

पाउसिआ स्त्री [**प्राद्वेषिकी**] द्वेष—मत्सर—से होने वाला कर्म-बन्ध; (सम १०; ठा २, १; भग; नव १७)।

पाउहारी स्त्री [**दे. पाकहारी**] भक्त को लाने वाली, भात-पानी ले आने वाली; (गा ६६४ अ)।

पाए अ [**दे**] प्रभृति, (वहां से) शुरू करके; (ओघ १६९; बृह १)।

पाए सक [**पायय्**] पिलाना। पाएइ; (हे ३, १४९)। पाएज्जाह; (महा)। वकृ— **पाइंत, पाययंत**; (सुर १३, १३४; १२, १७१)। संकृ— **पाएत्ता**; (आक ३०)।

पाए सक [**पादय्**] गति कराना। पाएइ; (हे ३, १४९)।

पाए सक [**पाचय्**] पकवाना। पाएइ; (हे ३, १४९)। कर्म—पाइज्जइ; (श्रावक २००)।

पाएण, **पाएणं** } अ [**प्रायेण**] बहुत करके, प्रायः; (विसे ११९९; काल; कप्प; प्रासू ४३)।

पाओ अ [**प्रायस्**] ऊपर देखो; (श्रा २७)।

पाओ अ [**प्रातस्**] प्रातःकाल, प्रभात; (सुज्ज १, ९; कप्प)।

पाओकरण देखो **पाउकरण**; (पिंड २९८)।

पाओग देखो **पाउग्ग**; (सुअनि ६५)।

पाओगिय वि [**प्रायोगिक**] प्रयत्न-जनित, अ-स्वाभाविक; (चेइय ३५३)।

पाओग्ग देखो **पाउग्ग**; (भास १०; धर्मसं ११८०)।

पाओपगम न [**पादपोपगम**] देखो **पाओवगमण**; (वव १०)।

पाओयर पुं [**प्रादुष्कार**] देखो **पाउकरण**; (ठा ३, ४; पंचा १३, ५)।

पाओवगमण न [**पादपोपगमन**] अनशन-विशेष, मरण-विशेष; (सम ३३; औप; कप्प; भग)।

पाओवगय वि [**पादपोपगत**] अनशन-विशेष से मृत; (औप; कप्प; अंत)।

पाओस पुं [**दे. प्रद्वेष**] मत्सर, द्वेष; (ठा ४, ४—पत्र २८०)।

पाओसिय देखो **पाद्दोसिय**; (ओघ ६६२)।

पाओसिया देखो **पाउसिआ**; (धर्म ३)।

पांडविअ वि [**दे**] जलार्द्र, पानी से गीला; (दे ६, २०)।

पांडु देखो **पंडु**; (पव २४७)। °**सुअ** पुं [°**सुत**] अभिनय का एक भेद; (ठा ४, ४—पत्र २८५)।

पाक देखो **पाग**; (कप्प)।

पाकम्म न [**प्राकाम्य**] योग की आठ सिद्धिओं में एक सिद्धि; " पाकम्मगुणेण मुणी भुवि व्व नीरे जलि व्व भुवि चरइ"-(कुप्र २७७)।

पाकार पुं [**प्राकार**] किला, दुर्ग; (उप पृ ८४)।

पाकिद (शौ) देखो **पागय**; (प्रयौ २४; नाट—वेणी ३८; पि ५३; ८२)।

पाखंड देखो **पासंड**; (पि २६५)।

पाग पुं [**पाक**] १ पचन-क्रिया; (औप; उत्ता; सुपा ३७४)। २ दैत्य-विशेष; (गउड)। ३ विपाक, परिणाम; (धर्मसं ६६५)। ४ बलवान् दुश्मन; (आवम)। °**सासण** पुं [°**शासन**] इन्द्र, देव-पति; (हे ४, २६५; गउड; पि २०२)। °**सासणी** स्त्री [°**शासनी**] इन्द्रजाल-विद्या; (सुअ २, २, २७)।

पागइअ वि [**प्राकृतिक**] १ स्वाभाविक; २ पुं. साधारण मनुष्य, प्राकृत लोक; (पव ६१)।

पागड सक [**प्र+कटय्**] प्रकट करना, खुला करना, व्यक्त करना। वकृ—**पागडेमाण**; (ठा ३, ४—पत्र १७१)।

पागड वि [**प्रकट**] व्यक्त, खुला; (उत्त ३६, ४२; औप; उव)।

पागडण न [**प्रकटन**] १ प्रकट करना। २ वि प्रकट करने वाला; (धर्मसं ८२६)।

पागडिअ वि [**प्रकटित**] व्यक्त किया हुआ; (उव; औप)।

पागड्ढि, **पागड्ढिक** } वि [**प्राकर्षिन्, °क**] १ अग्रगामी; "पागड्ढी (? ड्ढी) पड्ढवए जूहवई" (गाया १, १)। २ प्रवर्तक, प्रवृत्ति कराने वाला; (पगह १, ३—पत्र ४५)।

पागब्भ न [**प्रागल्भ्य**] धृष्टता, धिठाई; (सुअ १, ५, १, ५)।

पागब्भि } वि [**प्रागल्भिन्, °क**] धृष्टता वाला, धृष्ट;
पागब्भिय } (सूअ १, ५, १, ५; २, १, १८)।

पागय वि [**प्राकृत**] १ स्वाभाविक, स्वभाव-सिद्ध; २ आर्यावर्त की प्राचीन लोक-भाषा; "सक्कया पागया चेव" (ठा ७—पत्र ३६३; विसे १४६६ टी; रयण ६४; सुपा १)। ३ पुं. साधारण बुद्धि वाला मनुष्य, सामान्य लोग; "जेसिं णामा-गोत्तं न पागता पण्णवेहिंति" (सुज्ज १६), "किंतु महामइ-गम्मो दुरवगम्मो पागयजणस्स" (चेइय २५६; सुर २, १३०)। °**भासा** स्त्री [°**भाषा**] प्राकृत भाषा; (श्रा २३)। °**वागरण** न [°**व्याकरण**] प्राकृत भाषा का व्याकरण; (विसे ३४५५)।

पागार पुं [**प्राकार**] किला, दुर्ग; (उत्र; सुर ३, ११४)।

पाजावच्च पुं [**प्राजापत्य**] १ वनस्पति का अधिष्ठाता देव; २ वनस्पति; (ठा ५, १—पत्र २६२)।

पाटप [**चूपै**] देखो **वाडव**; (षड्)।

पाठीण देखो **पाढीण**; (पण्ह १, १—पत्र ७)।

पाड देखो **फाड**=पाटय्। "असिपत्तअणूहि पाडंति" (सूअनि ७६)।

पाड सक [**पातय्**] गिराना। पाडेइ; (उत्र)। संकृ—**पाडिअ**, **पाडिऊण**; (काप्र १६६; कुप्र ४६)। कवकृ—**पाडिज्जंत**; (उप ३२० टी)।

पाड देखो **पाडय**=पातक; "तो सो छिद्दाणे सयं गओ वेसपाडम्मि" (सुपा ५३०)।

पाडच्चर वि [**दे**] आसक्त चित्त वाला; (दे ६, ३४)।

पाडच्चर पुं [**पाटच्चर**] चोर, तस्कर; (पाअ; दे ६, ३४)।

पाडण न [**पाटन**] विदारण; (आव ६)।

पाडण न [**पातन**] १ गिराना, पाड़ना; (सूअनि ७२)। २ परिभ्रमण, इधर-उधर घूमना; "लहुजढरपिढरपडियारपाडणा-ताण कयकीलो" (कुमा २, ३७)।

पाडणा स्त्री [**पातना**] ऊपर देखो; (विपा १, १—पत्र १६)।

पाडय पुं [**पाटक**] महल्ला, रथ्या; "चंडालपाडए गंतुं" (धर्मवि १३८; विपा १, ८; महा)।

पाडय वि [**पातक**] गिराने वाला। स्त्री—°**डिआ**; (मृच्छ २४५)।

पाडल पुं [**पाटल**] १ वर्ण-विशेष, श्वेत और रक्त वर्ण, गुलाबी रंग; २ वि. श्वेत-रक्त वर्ण वाला; (पाअ)। ३ न. पाटलिका-पुष्प, गुलाब का फूल; (गा ४६६; सुर ३, ५२; कुमा)। ४ पाटला वृक्ष का पुष्प, पाढल का फूल; (गा ३०)।

पाडल पुं [**दे**] १ हंस, पक्षि-विशेष; २ वृषभ बैल; ३ कमल; (दे ६, ७६)।

पाडलसउण पुं [**दे**] हंस, पक्षि-विशेष; (दे ६, ४६)।

पाडला स्त्री [**पाटला**] वृक्ष-विशेष, पाढल का पेड़, पाडरि; (गा ४५६; सुर ३, ५२; सम १५२), "चंपा य पाडलरुक्खो जया य वसुपुज्जपत्थिओ होइ" (पउम २०, ३८)।

पाडलि स्त्री [**पाटलि**] ऊपर देखो; (गा ४६८)। °**उत्त**, °**पुत्त** न [°**पुत्र**] नगर-विशेष, पटना, जो आजकल विहार प्रदेश का प्रधान नगर है; (हे २, १५०; महा; पि २६२; चारु ३६)। °**पुत्त** वि [°**पुत्र**] पाटलिपुत्र-संबन्धी, पटना का; (पत्र १११)। °**संड** न [°**षण्ड**] नगर-विशेष; (विपा १, ७; सुपा ८३)। देखो **पाडली**।

पाडलिय वि [**पाटलित**] श्वेत-रक्त वर्ण वाला किया हुआ; (गउड)।

पाडली देखो **पाडलि**; (उप पृ ३६०)। °**पुर** न [°**पुर**] पटना नगर; (धर्मवि ४२)। °**वुत्त** न [°**पुत्र**] पटना नगर; (षड्)।

पाडव न [**पाटव**] पटुता, निपुणता; (धम्म १० टी)।

पाडवण न [**दे**] पाद-पतन, पैर में गिरना, प्रणाम-विशेष; (दे ६, १८)।

पाडहिग } वि [**पाटहिक**] ढोल बजाने वाला, ढोली; (स
पाडहिय } २१६)।

पाडहुक वि [**दे**] प्रतिभू, मनौतिया, जामिनदार; (षड्)।

पाडिअ वि [**पाटित**] फाड़ा हुआ, विदारित; (स ६६६)।

पाडिअ वि [**पातित**] गिराया हुआ; (पाअ; प्रासू २; भवि)।

पाडिअग्ग पुं [**दे**] विश्राम; (दे ६, ४४)।

पाडिअज्झ पुं [**दे**] पिता के घर से वधू को पति के घर ले जाने वाला; (दे ६, ४३)।

पाडिआ देखो **पाडय**=पातक।

पाडिएक्क } न [**प्रत्येक**] हर एक; (हे २, २१०; कप्प;
पाडिक्क } पाअ; गाया १, १६; २, १; सूअनि १२१ टी; कुमा), "एगे जीवे पाडिक्कएणं सरीरएणं" (ठा १—पत्र १६)।

पाडिच्चरण न [**प्रतिचरण**] सेवा, उपासना; (उप पृ ३४६)।

पाडिच्छय वि [**प्रतीप्सक**] ग्रहण करने वाला; (सुख २, १३)।

पाडिज्जंत देखो **पाड**=पातय्।

पाडिपह न [**प्रतिपथ**] अभिमुख, सामने; (सूअ २, २, ३१)।

पाडिपहिअ देखो **पडिपहिअ**; (सूअ २, २, ३१)।

पाडिपिद्धि स्त्री [**दे**] प्रतिस्पर्धा; (षड्)।

पाडिप्पवग पुं [**पारिप्लवक**] पक्षि-विशेष; (पउम १४, १८)।

पाडिप्फद्धि वि [**प्रतिस्पर्धिन्**] स्पर्धा करने वाला; (हे १, ४४; २०६)।

पाडियंतिय न [**प्रात्यन्तिक**] अभिनय-विशेष; (राज)।

पाडियक्क देखो **पाडिएक्क**; (औप)।

पाडिवय वि [**प्रातिपद**] १ प्रतिपत्-संबन्धी, पडवा तिथि का; " जह चंदो पाडिवश्रो पडिपुन्नो सुक्कपक्खम्मि " (उवर ६०)। २ पुं. एक भावी जैन आचार्य; (विचार ५०६)।

पाडिवया स्त्री [**प्रतिपत्**] तिथि-विशेष, पक्ष की पहली तिथि, पडवा; (सम २६; गाया १, १०; हे १, १५; ४४)।

पाडिवेसिय वि [**प्रातिवेश्मिक**] पड़ोसी। स्त्री—°**या**; (सुपा ३६४)।

पाडिसार पुं [**दे**] १ पटुता, निपुणता; २ वि. पटु, निपुण; (दे ६, १६)।

पाडिसिद्धि देखो **पडिसिद्धि**=प्रतिसिद्धि; (हे १, ४४; प्राप्र)।

पाडिसिद्धि स्त्री [**दे**] १ स्पर्धा; (दे ६, ७७; कप्पू; कुप्र ४६)। २ समुदाचार; ३ वि. सदृश, तुल्य; (दे ६, ७७)।

पाडिसिरा स्त्री [दे] खलीन-युक्ता; (दे ६, ४२)।

पाडिस्सुइय न [**प्रातिश्रुतिक**] अभिनय का एक भेद; (राज)।

पाडिहच्छी } स्त्री [**दे**] शिरो-माल्य, मस्तक-स्थित पुष्प-
पाडिहत्थी } माला; (दे ६, ४२; राज)।

पाडिहारिय वि [**प्रातिहारिक**] वापिस देने योग्य वस्तु; (विसे ३०५७; औप; उवा)।

पाडिहेर न [**प्रातिहार्य**] १ देवता-कृत प्रतीहार-कर्म, देव-कृत पूजा-विशेष; (औप; पव ३६), " इय सामइए भावा इहइंपि नागदत्तनरनाहो। जाश्रो सपाडिहेरो " (सुपा ५४४)। २ देव-सान्निध्य; (भत्त ६६), "बहूणं सुरेहिं कयं पाडिहेरं " (श्रु ६४; महा)।

पाडी स्त्री [**दे**] भैंस की बछिया, गुजराती में ' पाडी '; (गा ६५)।

पाडुंकी स्त्री [**दे**] व्रणी—जखम वाले—की पालकी; (दे ६, ३६)।

पाडुंगोरि वि [**दे**] १ विगुण, गुण-रहित; २ मद्य में आसक्त; ३ स्त्री. मजबूत वेष्टन वाली बाड़; " पाडुंगोरी च वृतिर्दीर्घ यस्या विवेष्टनं परितः" (दे ६, ७८)।

पाडुक्क पुं [**दे**] समालम्भन, चन्दन आदि का शरीर में उपलेप; २ वि. पटु, निपुण; (दे ६, ७६)।

पाडुच्चिय वि [**प्रातीतिक**] किसी के आश्रय से होने वाला, आपेक्षिक। स्त्री—°**या**; (ठा २, १; नव १८)।

पाडुच्ची स्त्री [**दे**] तुरग-मण्डन, घोड़े का सिंगार; (दे ६, ३६; पाश्र)।

पाडुहुअ वि [**दे**] प्रतिभू, मनौतिया, जामिनदार; (दे ६, ४२)।

पाडेक्क देखो **पाडिक्क**; (सम्म ५५)।

पाडोसिअ वि [**दे**] पड़ोसी; (सिरि ३१२; श्रा २७; सुपा ५५२)।

पाढ सक [**पाठय्**] पढ़ाना, अध्ययन कराना। **पाढइ, पाढेइ**; (प्राकृ ६०; प्राप्र)। कर्म—**पाढिज्जइ**; (प्राप्र)। संकृ—**पाढिऊण, पाढेऊण**; (प्राकृ ६१)। हेकृ—**पाढिउं, पाढेउं**; (प्राकृ ६१)। कृ—**पाढणिज्ज, पाढिअव्व, पाढेअव्व**; (प्राकृ ६१)।

पाढ पुं [**पाठ**] १ अध्ययन, पठन; (ओघभा ७१; विसे १३८४; सम्मत १४०)। २ शास्त्र, आगम; ३ शास्त्र का उल्लेख; " पाढो त्ति वा सत्थं ति वा एगट्ठा " (आचू १)। ४ अध्यापन, शिक्षा; (उप पृ ३०८; विसे १३८४)।

पाढ देखो **पाडय**=पाटक; (श्रा ६३ टी)।

पाढंतर न [**पाठान्तर**] भिन्न पाठ; (श्रावक ३११)।

पाढग वि [**पाठक**] १ उच्चारण करने वाला; " पढियं मंगलपाढगेहिं " (कुप्र ३२)। २ अभ्यासी, अध्ययन करने वाला; ३ अध्यापन करने वाला, अध्यापक; "वत्थुपाढगा ", "सुमिणपाढगाणं ", लक्खणसुमिणपाढगाणं " (धर्मवि ३३; गाया १, १; कप्प)।

पाढण न [**पाठन**] अध्यापन; (उप पृ १२८; प्राकृ ६१; सम्मत १४२)।

पाढणया स्त्री [**पाठना**] ऊपर देखो; (पंचभा ४)

पाढय देखो **पाढग**; (कप्प; स ७; णाया १, १—पत्र २०; (महा) ।

पाढव वि [**पार्थिव**] पृथिवी का विकार, पृथिवी का; "पाढवं सरीरं हिच्चा" (उत्त ३, १३) ।

पाढा स्त्री [**पाठा**] वनस्पति-विशेष, पाढ, पाठ का गाछ; (पण्ण १७) ।

पाढाव सक [**पाठय्**] पढ़ाना, अध्यापन करना। पाढावेइ; (प्राप्र)। संकृ—**पाढाविऊण, पाढावेऊण**; (प्राकृ ६१)। हेकृ—**पाढाविउं, पाढावेउं**; (प्राकृ ६१)। कृ—**पाढावणिज्ज, पाढाविअव्व**; (प्राकृ ६१)।

पाढावअ वि [**पाठक**] अध्यापक; (प्राकृ ६०)।

पाढावण न [**पाठन**] अध्यापन; (प्राकृ ६१) ।

पाढाविअ वि [**पाठित**] अध्यापित; (प्राकृ ६१) ।

पाढाविअवंत वि [**पाठितवत्**] जिसने पढ़ाया हो वह; (प्राकृ ६१) ।

पाढाविउ } वि [**पाठयितृ**] पढ़ाने वाला; (प्राकृ ६१; **पाढाविर** } ६०)।

पाढिअ वि [**पाठित**] पढ़ाया हुआ, अध्यापित; (प्राप्र)।

पाढिअवंत देखो **पाढाविअवंत**; (प्राकृ ६१)।

पाढिआ स्त्री [**पाठिका**] पढ़ने वाली स्त्री; (कप्पू)।

पाढिउ } वि [**पाठयितृ**] अध्यापक, पढ़ाने वाला; (प्राकृ **पाढिर** } ६१)।

पाढीण पुं [**पाठीन**] मत्स्य-विशेष, मत्स्य की एक जाति; (गा ४१४; विक्र ३२) ।

पाण सक [**प्र+आनय्**] जिलाना। वकृ— **पाणअंत**; (नाट—मालती ५) ।

पाण पुं स्त्री [**दे**] श्वपच, चाण्डाल; (दे ६, ३८; उप पृ १५४; महा; पाअ; ठा ४, ४; वव १)। स्त्री—°**णी**; (सुख ६, १; महा)। °**उडी** स्त्री [°**कुटी**] चाण्डाल की झोंपड़ी; (गा २२७)। °**विलया** स्त्री [°**वनिता**] चाण्डाली; (उप ७६८ टी)। °**डंबर** पुं [°**डम्बर**] यक्ष-विशेष; (वव ७)। °**ाहिवइ** पुं [°**ाधिपति**] चाण्डाल-नायक; (महा)।

पाण न [**पान**] १ पीना, पीने की क्रिया; (सुर ३, १०)। २ पीने की चीज, पानी आदि; (सुज्ज २० टी; पडि; महा; आचा)। ३ पुं. गुच्छ-विशेष; "सणपाणकासमद्दगअग्घाडगसामसिंदुवारे य" (पण्ण १)। °**पत्त** न [°**पात्र**] पीने का भाजन, प्याला; (दे)। °**ागार** न [°**ागार**] मद्य-गृह; (णाया १, २; महा)। °**ाहार** पुं [°**ाहार**] एकाशन तप; (संबोध ५८)।

पाण पुंन [**प्राण**] १ जीवन के आधार-भूत ये दश पदार्थ;—पाँच इन्द्रियाँ, मन, वचन और शरीर का बल, उच्छ्वास तथा निःश्वास; (जी २६; पण्ण १; महा; ठा १; ६)। २ समय-परिमाण विशेष, उच्छ्वास-निःश्वास-परिमित काल; (इक; अणु)। ३ जन्तु, प्राणी, जीव; "पाणाणि चेवं विणिहंति मंदा" (सूअ १, ७, १६; ठा ६; आचा; कप्प)। ४ जीवित, जीवन; (सुपा २६३; ५६३; कप्पू)। °**इत्त** वि [°**वत्**] प्राण वाला, प्राणी; (पि ६००)। °**च्चय** पुं [°**ात्यय**] प्राण-नाश; (सुपा २६८; ६१६)। °**च्चाय** पुं [°**त्याग**] मरण, मौत; (सुर ४, १७०)। °**जाइय** वि [°**जातिक**] प्राणी, जीव, जन्तु; (आचा १, ६, १, १)। °**नाह** पुं [°**नाथ**] प्राणनाथ, पति, स्वामी; (रंभा)। °**प्पिया** स्त्री [°**प्रिया**] स्त्री, पत्नी; (सुर १, १०८)। °**वह** पुं [°**वध**] हिंसा; (पण्ह १, १)। °**वित्ति** स्त्री [°**वृत्ति**] जीवन-निर्वाह; (महा)। °**सम** पुं [°**सम**] पति, स्वामी; (पाअ)। °**सुहुम** न [°**सूक्ष्म**] सूक्ष्म जन्तु; (कप्प)। °**हिय** वि [°**हृत्**] प्राण-नाशक; (रंभा)। °**इंत** वि [°**वत्**] प्राण वाला, प्राणी; (प्राप्र)। °**इवाइया** स्त्री [°**ातिपातिकी**] क्रिया-विशेष, हिंसा से होने वाला कर्म-बन्ध; (नव १७)। °**इवाय** पुं [°**ातिपात**] हिंसा; (उवा)। °**ाउ** पुं न [°**ायुस्**] ग्रन्थांश-विशेष, बारहवाँ पूर्व; (सम २५; २६)। °**ाणा**, °**ाणु** पुंन [°**ापान**] उच्छ्वास और निःश्वास; (धर्मसं १०८; ६८)। °**ायाम** पुं [°**ायाम**] योगाङ्ग-विशेष—रेचक, कुम्भक और पूरक-नामक प्राणों को दमने का उपाय; (गउड)।

पाणंतकर वि [**प्राणान्तकर**] प्राण-नाशक; (सुपा ६१४)।

पाणंतिय वि [**प्राणान्तिक**] प्राण-नाश वाला; "पाणंतिया-वई पहु !" (सुपा ४५२)।

पाणग पुंन [**पानक**] १ पेय-द्रव्य-विशेष; (पंचभा १; सुज्ज २० टी; कप्प)। २ वि. पान करने वाला (?) "ण पाणगा जं ततो अण्णो" (धर्मसं ८२; ७८)।

पाणद्धि स्त्री [**दे**] रथ्या, मुहल्ला; (दे ६, ३६)।

पाणम अक [**प्र+अण्**] निःश्वास लेना, नीचे साँसना। पाणमंति; (सम २; भग)।

पाणय न [**पानक**] देखो **पाण**=पान; (विसे २५७८)।

पाणय पुं [**प्राणत**] स्वर्ग-विशेष, दशवाँ देव-लोक; (सम ३७; भग; कप्प)। २ विमानेन्द्रक, देव-विमान विशेष; (देवेन्द्र १३५)। ३ प्राणत स्वर्ग का इन्द्र; (ठा ४, ४)। ४ प्राणत देवलोक में रहने वाला देव; (अणु)।

पाणहा स्त्री [**उपानह्**] जूता; "पाणहाओ य छत्तं च णालीयं बालवीयणं" (सूअ १, ६, १८)।

पाणाअअ पुं [**दे**] श्वपच, चाण्डाल; (दे ६, ३८)।

पाणाम पुं [**प्राण**] निःश्वास; (भग)।

पाणामा स्त्री [**प्राणामी**] दीक्षा-विशेष; (भग ३, १)।

पाणाली स्त्री [**दे**] दो हाथों का प्रहार; (दे ६, ४०)।

पाणि पुं [**प्राणिन्**] जीव, आत्मा, चेतन; (आचा; प्रासू १३६; १४४)।

पाणि पुं [**पाणि**] हस्त, हाथ; (कुमा; स्वप्न ५३; प्रासू ६०)। °**गहण** देखो °**ग्गहण**; (भवि)। °**ग्गह** पुं [°**ग्रह**] विवाह; (सुपा ३७३; धर्मवि १२३)। °**ग्गहण** न [°**ग्रहण**] विवाह, सादी; (विपा १, ६; स्वप्न ६३; भवि)।

पाणिअ न [**पानीय**] पानी, जल; (हे १, १०१; प्राप्र; पण्ह १, ३; कुमा)। °**धरिया** स्त्री [°**धरिका**] पनिहारी; "जियसत्तुस्स रण्णो पाणियघ(? ध)रियं सद्दावेइ" (णाया १, १२—पत्र १७५)। °**हारी** स्त्री [°**हारी**] पनिहारी; (दे ६, ५६; भवि)। देखो **पाणीअ**।

पाणिणि पुं [**पाणिनि**] एक प्रसिद्ध व्याकरण-कार ऋषि; (हे २, १४७)।

पाणिणीअ वि [**पाणिनीय**] पाणिनि-संबन्धी, पाणिनि का; (हे २, १४७)।

पाणी देखो **पाण**=(दे)।

पाणी स्त्री [**पानी**] वल्ली-विशेष; "पाणी सामावल्ली गुंजावल्ली य वत्थाणी" (पण्ण १—पत्र ३३)।

पाणीअ देखो **पाणिअ**; (हे १, १०१; प्रासू १०५)। °**धरी** स्त्री [°**धरी**] पनिहारी; (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।

पाणु पुंन [**प्राण**] १ प्राण वायु; २ श्वासोच्छ्वास; (कम्म ५, ४०; औप; कप्प)। ३ समय-परिमाण-विशेष; "एगे ऊसासनीसासे एस पाणुत्ति वुच्चइ। सत्त पाणूणि से थोवे" (तंदु ३२)।

पात } देखो **पाय**=पात्र; (सूअ १, ४, २; पण्ह २, ५—
पात्त } पत्र १४८)। °**बंधण** न [°**बन्धन**] पात्र बाँधने का वस्त्र-खण्ड, जैन मुनि का एक उपकरण; (पण्ह २, ५)।

पाद देखो **पाय**=पाद; (विपा १, ३)। °**सम** वि [°**सम**] गेय-विशेष; (ठा ७—पत्र ३९४)। °**ट्ठपय** न [°**ष्ठिपद**] दृष्टिवाद-नामक बारहवें जैन आगम-ग्रन्थ का एक प्रतिपाद्य विषय; (सम १२८)।

पादु° देखो **पाउ**=प्रादुस्। पादुरेसए; (पि ३४१)। पादुरकासि; (सूअ १, २, २, ७)।

पादो देखो **पाओ**=प्रातस्; (सुज्ज १, ६)।

पादोसिय वि [**प्रादोषिक**] प्रदोष-काल का, प्रदोष-संबन्धी; (ओघ ६५८)।

पादव देखो **पायव**; (गा ५३७ अ)।

पाधन्न देखो **पाहन्न**; (धर्मसं ७८६)।

पाधार सक [**स्वा+गम्, पाद+धारय्**] पधारना। "पाधारह निअगेहे" (श्रा १६)।

पाबद्ध वि [**प्राबद्ध**] विशेष बँधा हुआ, पाशित; (निचू १६)।

पाभाइय } वि [**प्राभातिक**] प्रभात-संबन्धी; (ओघभा
पाभातिय } ३११; अनु ६; धर्मवि ५८)।

पाम सक [**प्र+आप्**] प्राप्त करना; गुजराती में 'पामवुं'। "कारावेइ पडिमं जिणाण जिअरागदोसमोहाणं।
सो अन्नभवे पामइ भवमलणं धम्मवररयणं॥" (रयण१२)। कर्म—पामिज्जइ; (सम्मत्त १४२)।

पामण्ण न [**प्रामाण्य**] प्रमाणता, प्रमाणपन; (धर्मसं ७५)।

पामद्दा स्त्री [**दे**] दोनो पैर से धान्य-मर्दन; (दे ६, ४०)।

पामन्न देखो **पामण्ण**; (विसे १४६६; चेइय १२४)।

पामर पुं [**पामर**] कृषीबल, कर्षक, खेती का काम करने वाला गृहस्थ; "पामरगहवइसेआणकासया दोणया हलिआ" (पाअ; वज्जा १३४; गउड; दे ६, ४१; सुर १६, ५३)। २ हलकी जाति का मनुष्य; (कप्पू; गा २३८)। ३ मूर्ख, बेवकूफ, अज्ञानी; (गा १६४), "को नाम पामरं मुत्तुं वहइ दुद्दमकद्दमं" (श्रा १२)।

पामा स्त्री [**पामा**] रोग-विशेष, खुजली, खाज; (सुपा २२७)।

पामाड पुं [**पद्माट**] पमाड़, पमार, पवाड, चकवड, वृक्ष-विशेष; (पाअ)।

पामिच्च न [**दे. अपमित्य**] १ उधार लेना, वापिस देने का वादा कर ग्रहण करना; २ वि. जो उधार लिया जाय वह; (पिंड ९२; ३१६; आचा; ठा ३, ४; ६; औप; पण्ह २, ५; पव १२५; पंचा १३, ५; सुपा ६४३)।

पामुक्क वि [**प्रमुक्त**] परित्यक्त; (पाअ; स ६५७)।

पामूल न [**पादमूल**] पैर का मूल भाग, पाँव का अग्र भाग; (पउम ३, ६; सुर ८, १६६; पिंड ३२८)। देखो **पाय-मूल**=पादमूल।

पामोक्ख देखो **पमुह**=प्रमुख; (गाया १, ५; ८; महा)।

पामोक्ख पुं [**प्रमोक्ष**] मुक्ति, छुटकारा; (उप ६४८ टी)।

पाय पुं [**दे**] १ रथ-चक्र, रथ का पहिया; (दे ६, ३७)। २ फणी, साँप; (षड्)।

पाय पुं [**पाक**] १ पचन-क्रिया; २ रसोई; (प्राकृ १६; उप ७२८ टी)।

पाय देखो **पाव**; (चंड)।

पाय पुं [**पात**] १ पतन; (पंचा २, २५; से १, १६)। २ संबन्ध; "पुणो पुणो तरलदिट्ठिपाएहिं" (सुर ३, १३८)।

पाय पुं [**पाय**] पान, पीने की क्रिया; (श्रा २३)।

पाय पुं [**पाद**] १ गमन, गति; (श्रा २३)। २ पैर, चरण, पाँव; "चलणा कमा य पाया" (पाअ; गाया १, १)। ३ पद्य का चौथा हिस्सा; (हे ३, १३४; पिंग)। ४ किरण, "अंसू रस्सी पाया" (पाअ; अजि २८)। ५ सानु, पर्वत का कटक; (पाअ)। ६ एकाशन तप; (संबोध ५८)। ७ छः अंगुलों का एक नाप; (इक)। °**कंचणिया** स्त्री [°**काञ्चनिका**] पैर प्रक्षालन का एक सुवर्ण-पात्र; (राज)। °**कंबल** पुंन [°**कम्बल**] पैर पोंछने का वस्त्र-खण्ड; (उत्त १७, ७)। °**कुक्कुड** पुं [°**कुक्कुट**] कुक्कुट-विशेष; (गाया १, १७ टी—पत्र २३०)। °**घाय** पुं [°**घात**] चरण-प्रहार; (पिंग)। °**चार** पुं [°**चार**] पैर से गमन; (गाया १, १)। °**चारि** वि [°**चारिन्**] पैर से यातायात करने वाला, पाद-विहारी; (पउम ६१, १६)। °**जाल**, °**जालग** न [°**जाल**, °**क**] पैर का आभूषण-विशेष; (औप; अजि ३१; पराह २, ५)। °**त्ताण** न [°**त्राण**] जूता, पगरखी; (दे १, ३३)। °**पलंब** पुं [°**प्रलम्ब**] पैर तक लटकने वाला एक आभूषण; (गाया १, १—पत्र ५३)। °**पीढ** देखो °**वीढ**; (गाया १, १; महा)। °**पुंछण** न [°**प्रोञ्छन**] रजोहरण, जैन साधु का एक उपकरण; (आचा; ओघ ५११; ७०६; भग; उवा)। °**प्पडण** न [°**पतन**] पैर में गिरना, प्रणाम-विशेष; (पउम ६३, १८)। °**मूल** न [°**मूल**] १ देखो **पामूल**;(कस)। २ मनुष्यों की एक साधारण जाति, नर्तकों की एक जाति; "समागयाइं पायमूलाइं", "पुलइज्जमाणो पायमूलेहिं पत्तो रहसमीवे", "पणच्चियाइं पायमूलाइं", "सद्दाविंयाइं पायमूलाइं", "पणच्चंतेहिं पायमूलेहिं" (स ७२१; ७२२; ७३४)। °**लेहणिआ** स्त्री [°**लेखनिका**] पैर पोंछने का जैन साधु का एक काष्ठ-मय उपकरण; (ओघ ३६)। °**वंदय** वि [°**वन्दक**] पैर पर गिर कर प्रणाम करने वाला; (गाया १, १३)। °**वडण** न [°**पतन**] पैर में गिरना, प्रणाम-विशेष; (हे १, २७०; कुमा; सुर २, १०६)। °**वडिआ** स्त्री [°**वृत्ति**] पाद-पतन, पैर छूना, प्रणाम-विशेष; "पायवडियाए खेमकुसलं पुच्छंति" (गाया १, २; सुपा २५)। °**विहार** पुं [°**विहार**] पैर से गति; (भग)। °**वीढ** न [°**पीठ**] पैर रखने का आसन; (हे १, २७०; कुमा; सुपा ६८)। °**सीसग** न [°**शीर्षक**] पैर के ऊपर का भाग; (राय)। °**ाउलअ** न [°**ाकुलक**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

पाय देखो **पत्त**=पात्र; (आचा; औप; ओघभा ३६; १७४)। °**केसरिआ** स्त्री [°**केसरिका**] जैन साधुओं का एक उपकरण, पात्र-प्रमार्जन का कपड़ा; (ओघ ६६८; विसे २५५२ टी)। °**ट्ठवण**, °**ठवण** न [°**स्थापन**] जैन मुनिओं का एक उपकरण, पात्र रखने का वस्त्र-खण्ड; (विसे २५५२ टी; ओघ ६६८)। °**णिज्जोग**, °**निज्जोग** पुं [°**निर्योग**] जैन साधु का यह उपकरण-समूह;—पात्र पात्रबन्ध, पात्रस्थापन, पात्र-केशरिका, पटल, रजस्त्राण और गुच्छक; (पिंड २६; बृह ३; विसे २५५२ टी)। °**पडिमा** स्त्री [°**प्रतिमा**] पात्र-संबन्धी अभिग्रह—प्रतिज्ञा-विशेष; (ठा ४, ३)। देखो **पाद**=पात्र।

पाय (अप) देखो **पत्त**=प्राप्त; (पिंग)।

पाय° अ [**प्रायस्**] प्रायः, बहुत कर के; "पायप्पाणं वणेइ त्ति" (पिंड ४४३)।

°**पाय** पुं.ब. [°**पाद**] पूज्य; "संथुआ अजिअसंतिपायया" (अजि ३४)।

पायए देखो **पा**=पा।

पायं देखो **पाय**°; (स ७६१; सुपा २८; ५६६; श्रावक ७३)।

पायं अ [**प्रातस्**] प्रभात; (सूअ १, ७, १४)।

पायंगुट्ठ पुं [**पादाङ्गुष्ठ**] पैर का अंगूठा; (गाया १, ८)।

पायंदुय पुं [**पादान्दुक**] पैर बाँधने का काष्ठमय उपकरण; (विपा १, ६—पत्र ६६)।

पायक्क देखो **पाइक्क**; (सम्मत्त १७६)।

पायक्खिण्ण न [**प्रादक्षिण्य**] प्रदक्षिणा; (पउम ३२, ६२)।

पायग न [**पातक**] पाप; (श्रावक २४८)।

पायच्छित्त पुंन [**प्रायश्चित्त**] पाप-नाशन कर्म, पाप-क्षय करने वाला कर्म; "पारंचिअं नाम पायच्छित्तो संवुत्तो" (सम्मत्त १४४; उवा; औप; नव २६)।

पायड देखो **पागड**=प्र + कटय्। पायडइ; (भवि)। वकृ—**पायडंत**; (सुपा २५६)। कवकृ—**पायडिज्जंत**; (गा ६८५)। हेकृ—**पायडिउं**; (कुप्र १)।

पायड न [**दे**] अंगण, आँगन; (दे ६, ४०)।

पायड देखो **पागड**=प्रकट; (हे १, ४४; प्राप्र; ओघ ७३; जी १२; प्रासू ६४)।

पायड देखो **पागड**=प्राकृत; " अहंपि दाव दिअसे णअरं परिब्भमिअ अलद्धभोआ पाअडगणिआ विअ रत्तिं पस्सदो सइदुं आअच्छामि " (अत्रि २६)।

पायड वि [**प्रावृत**] आच्छादित; (विसे २५७६ टी)।

पायडिअ वि [**प्रकटित**] व्यक्त किया हुआ; (कुप्र ४; से १, ५३; गा १६६; २६०; गउड; स ४६८)।

पायडिल्ल वि [**प्रकट**] खुला; (वज्जा १०८)।

पायण न [**पायन**] पिलाना, पान कराना; (णाया १, ७)।

पायत्त न [**पादात**] पदाति-समूह, प्यादों का लश्कर; (उत्त १८, २; औप; कप्प)। °**णिय** न [°**नीक**] पदाति-सैन्य; (पि ८०)।

पायप्पहण पुं [**दे**] कुक्कुट, मुर्गा; (दे ६, ४५)।

पायय न [**पातक**] पाप; (अच्चु ४३)।

पायय देखो **पाव**=पाप; (पाअ)।

पायय देखो **पागड**; (हे १, ६७)।

पायय देखो **पायव**; (से ६, ७)।

पायय देखो **पावय**=पावक; (अभि १२५)।

पायय देखो **पाय**=पाद; (कप्प)।

पायरास पुं [**प्रातराश**] प्रातःकाल का भोजन, जल-पान, जलखवा; (आचा; णाया १, ८)।

पायल न [**दे**] चक्षु, आँख; (दे ६, ३८)।

पायव पुं [**पादप**] वृक्ष, पेड़; (पाअ)।

पायव्व देखो **पा**=पा।

पायस पुंन [**पायस**] दूध का मिष्टान्न, खीर; "पायसो खीरी" (पाअ; सुपा ४३८)।

पायसो अ [**प्रायशस्**] प्रायः, बहुत कर; (उप ४४६; पंचा ३, २७)।

पायार पुं [**प्राकार**] किला, कोट, दुर्ग; (पाअ; हे १, २६८; कुमा)।

पायाल न [**पाताल**] रसा-तल, अधो भुवन; (हे १, १८०; पाअ)। °**कलश** पुं [°**कलश**] समुद्र के मध्य में स्थित कलशाकार वस्तु; (अणु)। °**पुर** न [°**पुर**] नगर-विशेष; (पउम ४५, ३६)। °**मंदिर** न [°**मन्दिर**] पाताल-स्थित गृह; (महा)। °**हर** न [°**गृह**] वही अर्थ; (महा)।

पायालंकारपुर न [**पाताललङ्कापुर**] पाताल-लंका, रावण की राजधानी; " पायालंकारपुरं सिग्घं पत्ता भउव्विग्गा " (पउम ६, २०१)।

पायावच्च न [**प्राजापत्य**] अहोरात्र का चौदहवाँ मुहूर्त; (सम ५१)।

पायाविय वि [**पायित**] पिलाया हुआ; (पउम ११, ४१)।

पायाहिण न [**प्रादक्षिण्य**] १ वेष्टन; (पव ६१)। २ दक्षिण की ओर; " पायाहिणेण तिहि पंतिआहिं झाएह लद्धिपए " (सिरि १६६)।

पायाहिणा देखो **पयाहिणा**; " पायाहिणं करिंतो " (उत्त ६, ५६; सुख ६, ५६)।

पार अक [**शक्**] सकना, करने में समर्थ होना। पारइ, पारेइ; (हे ४, ८६; पाअ)। वकृ—**पारंत**; (कुमा)।

पार सक [**पारय्**] पार पहुँचना, पूर्ण करना। पारेइ; (हे ४, ८६; पाअ)। हेकृ—**पारित्तए**; (भग १२, १)।

पार पुंन [**पार**] १ तट, किनारा; (आचा)। २ पर्ला किनारा; " परतीरं पारं " (पाअ), " किह म्ह होही भवजलहिपारं " (निसा ५)। ३ परलोक, आगामी जन्म; ४ मनुष्य-लोक-भिन्न नरक आदि; (सूअ १, ६, २८)। ५ मोक्ष, मुक्ति, निर्वाण; " पारं पुण्णुत्तरं बुहा बिंति " (बृह ४)। °**ग** वि [°**ग**] पार जाने वाला; (औप; सुपा २५४)। °**गय** वि [°**गत**] १ पार-प्राप्त; (भग; औप)। २ पुं. जिन-देव, भगवान् अर्हन्; (उप १३२ टी)। °**गामि** वि [°**गामिन्**] पार पहुँचने वाला; (आचा; कप्प; औप)। °**पाणग** न [°**पानक**] पेय द्रव्य-विशेष; (णाया १, १७)। °**विउ** वि [°**विद्**] पार को जानने वाला; (सूअ २, १, ६०)। °**भोय** वि [°**भोग**] पार-प्रापक; (कप्प)।

पार देखो **पायार**; (हे १, २६८; कुमा)।

पारंक न [**दे**] मदिरा नापने का पात्र; (दे ६, ४१)।

पारंगम वि [**पारगम**] १ पार जाने वाला; २ पार-गमन; (आचा)।

पारंगय वि [**पारंगत**] पार-प्राप्त; (कुप्र २१)।

पारंचि वि [**पाराञ्चि**] सर्वोत्कृष्ट—दशम—प्रायश्चित्त करने वाला; "पारंचीणं दोराहवि" (बृह ४)।

पारंचिय न [**पाराञ्चिक**] १ सर्वोत्कृष्ट प्रायश्चित्त, तप-विशेष से अतिचारों की पार-प्राप्ति; (ठा ३, ४—पत्र १६२; औप)। २ वि. सर्वोत्कृष्ट प्रायश्चित्त करने वाला; (ठा ३, ४)।

पारंचिय [**पाराञ्चित**] ऊपर देखो; (कस; बृह ४)।

पारंपज्ज न [**पारम्पर्य**] परम्परा; (रंभा १५)।

पारंपर पुं [**दे**] राक्षस; (दे ६, ४४)।

पारंपर, **पारंपरिय** न [**पारम्पर्य**] परम्परा; (पउम २१, ८०; आरा १६; धर्मसं १११८; १३१७), "आयरियपारंपर्ये (? रिए) ण आगयं" (सूअनि १२७—पृष्ठ ४८७)।

पारंपरिय वि [**पारम्परिक**] परंपरा से चला आता; (उप ७२८ टी)।

पारंभ सक [**प्र + रभ्**] १ आरम्भ करना, शुरू करना। २ हिंसा करना, मारना। ३ पीड़ा करना। पारंभेमि; (कुप्र ७०)। कवकृ—"तराहाए **पारज्भमाणा** " (औप)।

पारंभ पुं [**प्रारम्भ**] शुरू, उपक्रम; (विसे १०२०; पत्र १६६)।

पारंभिय वि [**प्रारब्ध**] आरब्ध, उपक्रान्त; (धर्मवि १४४; सुर २, ७७; १२, १५६; सुपा ५५)।

पारकेर, **पारक्क** वि [**परकीय**] पर का, अन्यदीय; (हे १, ४४; २, १४८; कुमा)।

पारज्भमाण देखो **पारंभ**=प्रा+रभ्।

पारण, **पारणग**, **पारणय** न [**पारण**, °**क**] व्रत के दूसरे दिन का भोजन, तप की समाप्ति के अनन्तर का भोजन; (सण; उवा; महा)।

पारणा स्त्री [**पारणा**] ऊपर देखो। °**इत्त** वि [°**वत्**] पारण वाला; (पंचा १२, ३५)।

पारतंत न [**पारतन्त्र्य**] परतन्त्रता, पराधीनता; (उप २५२; पंचा ६, ४१; ११, ७)।

पारत्त अ [**परत्र**] परलोक में, आगामी जन्म में; "पारत्त बिइज्जओ धम्मो" (पउम ५, १६३)।

पारत्त वि [**पारत्र**, **पारत्रिक**] पारलौकिक, आगामी जन्म से संबन्ध रखने वाला; "इत्तो पारत्तहियं ता कीरउ देव ! वंकचूलिस्स" (धर्मवि ६०; ओघ ६२; स २४६)।

पारत्ति स्त्री [**दे**] कुसुम-विशेष; (गउड; कुमा)।

पारत्तिय वि [**पारत्रिक**] देखो **पारत्त**=पारत्र; (स ७०७)।

पारदारिय वि [**पारदारिक**] परस्त्री-लम्पट; (णाया १, १८—पत्र २३६)।

पारद्ध वि [**प्रारब्ध**] १ जिसका प्रारम्भ किया गया हो वह; "पारद्धा य विवाहनिमित्तं सयला सामग्गी" (महा)। २ जो प्रारम्भ करने लगा हो वह; "तओ अवरगहसमए पारद्धो नच्चिउं" (महा)।

पारद्ध न [**दे**] पूर्व-कृत कर्म का परिणाम, प्रारब्ध; २ वि. आखेटक, शिकारी; ३ पीड़ित; (दे ६, ७७)।

पारद्धि स्त्री [**पापर्द्धि**] शिकार, मृगया; (हे १, २३५; कुमा; उप पृ २५७; सुपा २१६)।

पारद्धिअ वि [**पापर्द्धिक**] शिकारी, शिकार करने वाला; गुजराती में 'पारधी'; "मयणमहापारद्धियनिसायबाणावलीविद्धा" (सुपा ७१; मोह ७६)।

पारमिया स्त्री [**पारमिता**] बौद्ध-शास्त्र-परिभाषित प्राणातिपात-विरमणादि शिक्षा-व्रत, अहिंसा आदि व्रत; (धर्मसं ६८८)।

पारम्म न [**पारम्य**] परमता, उत्कृष्टता; (अज्झ ११४)।

पारय पुं [**पारद**] धातु-विशेष, पारा, रस-धातु। °**मद्दण** न [°**मर्दन**] आयुर्वेद-विहित रीति से पारा का मारण, रसायण-विशेष; "अंग-कडिणयाहेउं च सेवंति पारयमद्दणं" (स २८६)। २ वि. पार-प्रापक; (श्रु १०६)।

पारय न [**दे**] सुरा-भाण्ड, दारू रखने का पात्र; (दे ६, ३८)।

पारय देखो **पार-ग**; (कप्प; भग; अंत)।

पारय पुं [**प्रावारक**] १ पट, वस्त्र; २ वि. आच्छादक; (हे १, २७१; कुमा)।

पारलोइअ वि [**पारलौकिक**] परलोक-संबन्धी, आगामी जन्म से संबन्ध रखने वाला; (पराह १, ३; ४; सुअ २, ७, २३; कुप्र ३८१; सुपा ४६१)।

पारवस्स न [**पारवश्य**] परवशता, पराधीनता; (रयण ८१)।

पारस पुं [**पारस**] १ अनार्य देश-विशेष, फारस देश, ईरान; (इक)। २ मणि-विशेष, जिसके स्पर्श से लोहा सुवर्ण हो जाता है; (संबोध ५३)। ३ पारस देश में रहने वाली मनुष्य-जाति; (पराह १, १)। °**उल** न [°**कुल**] १ ईरान देश; "भरिऊण भंडस्स वहणाइं पत्तो पारसउलं", "इओ य सो अयलो पारसउले विढविय बहुयं दव्वं" (महा)। २ वि. पारस देश का, ईरान का निवासी; "मागहयपारसउला

कालिंगा सीहला य तहा" (पउम ६६, ५५) । °कूल न [°कूल] ईरान का किनारा, ईरान देशकी सीमा; (आवम)।
पारसिय वि [**पारसिक**] फारस देश का; "सहसा पारसिय-सुओ समागओ रायपयमूले", "पारसियकीरमिहुणं" (सुपा २६७; ३६०) ।
पारसी स्त्री [**पारसी**] १ पारस देश की स्त्री; (औप; णाया १, १—पत्र ३७; इक) । २ लिपि-विशेष, फारसी लिपि; (विसे ४६४ टी) ।
पारसीअ वि [**पारसीक**] फारस देश का निवासी; (गउड)।
पाराई स्त्री [**दे**] लोह-कुशी-विशेष, लोहे की दंडाकार छोटी वस्तु; "चडवेलावज्झपट्टपाराइं(? ई)छिन्नकमलयवरत्तनेत्तप्पहारसयतालियंगमंगा" (पगह २, ३) ।
पाराय देखो **पारावय**; (प्राप्र) ।
पारायण न [**पारायण**] १ पार-प्राप्ति; (विसे ५६५) । २ पुराण-पाठ-विशेष; "अधीउ'(? य)समत्तपरायणा साखा-पारओ जाओ" (सुख २, १३) ।
पारावय देखो **पारेवय**; (पाअ; प्राप्र; गा ६४; कप्प ५६ टि)।
पारावर पुं [**दे**] गवाक्ष, वातायन; (दे ६, ४३) ।
पारावार पुं [**पारावार**] समुद्र, सागर; (पाअ; कुप्र ३७०)।
पाराविअ वि [**पारित**] जिसको पारण कराया गया हो वह; (कुप्र २१२) ।
पारासर पुं [**पाराशर**] १ ऋषि-विशेष; (सुअ १, ३, ४, ३) । २ न. गोत्र-विशेष, जो वशिष्ठ गोत्र की एक शाखा है; ३ वि. उस गोत्र में उत्पन्न; (ठा ७—पत्र ३६०)। ४ पुं. भिक्षुक; ५ कर्म-त्यागी संन्यासी; "अंतेवि पारासरा अत्थि" (सुख २, ३१) ।
पारिओसिय वि [**पारितोषिक**] तुष्टि-जनक दान, प्रसन्नता-सूचक दान, पुरस्कार; (सम्मत्त १२२; स १६३; सुर १६, १८२; विचार १७१) ।
पारिच्छा देखो **परिच्छा**; "वयपरिणामे चिंता गिहं समप्पेमि तासि पारिच्छा" (उप १७३; उप पृ २७५) ।
पारिच्छेज्ज देखो **परिच्छेज्ज**; (णाया १, ८—पत्र १३२)।
पारिजाय देखो **पारिय**=पारिजात; (कुमा) ।
पारिट्ठावणिया स्त्री [**पारिष्ठापनिकी**] समिति-विशेष, मल आदि के उत्सर्ग में सम्यक् प्रवृत्ति; (सम १०; औप; कप्प) ।
पारिडि स्त्री [**प्रावृति**] प्रावरण, वस्त्र, कपड़ा; " विक्किणइ माहमासम्मि पामरो पारिडिं बइल्लेण" (गा २३८) ।
पारिणामिअ देखो **परिणामिअ**= पारिणामिक; (अणु; कम्म ४, ६६) ।
पारिणामिआ } **पारिणामिगी** } देखो **परिणामिआ**; (आव १; णाया १, १—पत्र ११) ।
पारितावणिया स्त्री [**पारितापनिकी**] दूसरे को परिताप—दुःख—उपजाने से होने वाला कर्म-बन्ध; (सम १०) ।
पारितावणी स्त्री [**पारितापनी**] ऊपर देखो; (नव १७)।
पारितोसिअ देखो **पारिओसिय**; (नाट; सुपा २७; प्रामा)।
पारित्त देखो **पारत्त**=परत्र; " पारित्त बिइज्जओ धम्मो " (तंदु ५६) ।
पारिप्पव पुं [**पारिप्लव**] पक्षि-विशेष; (पगह १, १—पत्र ८)।
पारिभद्द पुं [**पारिभद्र**] वृक्ष-विशेष, फरहद का पेड़; (कप्पू) ।
पारिय वि [**पारित**] पूर्ण किया हुआ; (रयण १६) ।
पारिय पुं [**पारिजात**] १ देव-वृक्ष विशेष, कल्प-तरु विशेष; २ फरहद का पेड़, "कप्पूरपारियाण य अहिअयरो मालईगंधो" (कुमा ५, १३) । ३ न. पुष्प-विशेष, फरहद का फूल जो रक्त वर्ण का और अत्यन्त शोभायमान होता है; " सुहिए ण विकप्पइ पारियच्छि सुंडीरहं खंडइ वसइ लच्छि " (भवि) ।
पारियत्त पुं [**पारियात्र**] देश-विशेष; " परिब्भमंतो पत्तो पारियत्तविसयं " (कुप्र ३६६) ।
पारियाय देखो **पारिय**=पारिजात; (सुपा ७६; से ६, ५८; महा; स ७५६) ।
पारियावणिया देखो **पारितावणिया**; (ठा २, १—पत्र ३६) ।
पारियावणिया देखो **परियावणिया**; (स ५५१) ।
पारियासिय वि [**परिवासित**] वासी रखा हुआ; (कस) ।
पारिव्वज्ज न [**पारिव्राज्य**] संन्यासिपन, संन्यास; (पउम ८२, २४) ।
पारिव्वाई स्त्री [**पारिव्राजी, परिव्राजिका**] संन्यासिनी; (उप पृ २७६) ।
पारिव्वाय वि [**पारिव्राज**] संन्यासि-संबन्धी; (राज) ।
पारिसज्ज वि [**पारिषद्य**] सभ्य, सभासद; (धर्मवि ६) ।
पारिसाडणिया स्त्री [**पारिशाटनिकी**] परिशाटन—परि-त्याग—से होने वाला कर्म-बन्ध; (आव ४) ।
पारिहच्छी स्त्री [**दे**] माला; (दे ६, ४२) ।
पारिहट्टी स्त्री [**दे**] १ प्रतिहारी; २ आकृष्टि, आकर्षण; ३ चिर-प्रसूता महिषी, बहुत देर से व्यायी हुई भैंस; (दे ६, ७२) ।

पारिहत्थिय वि [**पारिहस्तिक**] स्वभाव से निपुण; (ठा ६—पत्र ४५१) ।

पारिहारिय वि [**पारिहारिक**] तपस्वी विशेष, परिहार-नामक व्रत करने वाला; (कस) ।

पारिहासय न [**पारिहासक**] कुल-विशेष, जैन मुनिओं के एक कुल का नाम; (कप्प) ।

पारी स्त्री [**दे**] दोहन-भाण्ड, जिस में दोहन किया जाता है वह पात्र-विशेष; (दे ६, ३७; गउड ५७७) ।

पारीण वि [**पारीण**] पार-प्राप्त; " धीवरसत्थाण पारीणो " (धर्मवि १३; सिरि ४८६; सम्मत्त ७५) ।

पारुअग्ग पुं [**दे**] विश्राम; (दे ६, ४४) ।

पारुअल्ल पुं [**दे**] पृथुक, चिउड़ा; (दे ६, ४४) ।

पारुसिय देखो **फारुसिय**; (आचा १, ६, ४, १ टि) ।

पारुहल्ल वि [**दे**] मालीकृत, श्रेणी रूप से स्थापित; "पाली-बंधं च पारुहल्लोम्मिं " (दे ६, ४५) ।

पारेवई स्त्री [**पारापती**] कबूतरी, कबूतर की मादा; (विपा १, ३) ।

पारेवय पुं [**पारापत**] १ पक्षि-विशेष, कबूतर; (हे १, ८०; कुमा; सुपा ३२८) । २ वृक्ष-विशेष; ३ न. फल-विशेष; (पराण १७) ।

पारोक्ख वि [**पारोक्ष**] परोक्ष-विषयक, परोक्ष-संबन्धी; (धर्मसं ५०२) ।

पारोह देखो **परोह**; (हे १, ४४; गा ५७५; गउड) ।

पारोहि वि [**प्ररोहिन्**] प्ररोह वाला, अंकुर वाला; (गउड) ।

पाल सक [**पालय्**] पालन करना, रक्षण करना । पालेइ; (भग; महा) । वकृ—**पालयंत, पालंत, पालिंत, पाले-माण**; (सुर २, ७१; सं ४६; महा; औप; कप्प) । संकृ—**पालइत्ता, पालित्ता, पालेऊण**; (कप्प; महा), **पालेवि** (अप); (हे ४, ४४१) । कृ—**पालियव्व, पालेयव्व**; (सुपा ४३५; ३७६; महा) ।

पाल देखो **पार**=पारय् । संकृ—**पालइत्ता** ; (कप्प) ।

पाल पुं [**दे**] १ कलवार, शराब बेचने वाला; २ वि. जीर्ण, फटा-टूटा; (दे ६, ७५) ।

पाल पुंन [**पाल**] आभूषण-विशेष; " मुरविं वा पालं वा तिसरयं वा कडिसुत्तगं वा " (औप) । २ वि. पालक, पालन-कर्ता; " जो सयलसिंधुसायरहो पालु " (भवि) । स्त्री—°**ला**; (वव ४) ।

पालंक न [**पालङ्क्य**] तरकारी-विशेष, पालक का शाक; (बृह १) ।

पालंगा स्त्री [**पालङ्क्या**] ऊपर देखो; (उत्ता) ।

पालंत देखो **पाल**=पालय् ।

पालंब पुं [**प्रालम्ब**] १ अवलम्बन, सहारा; "पावइ तड-विडविपालंबं" (सुपा ६३५) । २ गले का आभूषण-विशेष; (औप; कप्प) । ३ दीर्घ, लम्बा; (औप; राय) । ४ पुंन. ध्वजा के नीचे लटकता वस्त्राञ्चल; " ओऊलं पालंबं " (पाअ) ।

पालक्का स्त्री [**पालक्या**] देखो **पालंगा**; " वत्थुलपोरग-मज्जारपोइवल्ली य पालक्का " (पराण १—पत्र ३४) ।

पालग देखो **पालय**; (कप्प; औप; विसे २८५६; संति १; सुर ११, १०८) ।

पालण न [**पालन**] १ रक्षण; (महा; प्रासू ३) । २ वि. रक्षण-कर्ता; "धम्मस्स पालणो चेव" (संबोध १६; सं ६७) ।

पालद्दुह पुं [**दे**] वृक्ष-विशेष; (उप १०३१ टी) ।

पालप्प पुं [**दे**] १ प्रतिसार; २ वि. विप्लुत; (दे ६, ७६) ।

पालय वि [**पालक**] १ रक्षक, रक्षण-कर्ता; (सुपा २७६; सार्ध १०) । २ पुं. सौधर्मेन्द्र का एक आभियोगिक देव; (ठा ८) । ३ श्रीकृष्ण का एक पुत्र; (पत्र २) । ४ भगवान् महावीर के निर्वाण के दिन अभिषिक्त अवंती (उज्जैन) का एक राजा; (विचार ४६२) । ५ देव-विमान विशेष; (सम २) ।

पालास पुं [**पालाश**] पलाश-संबन्धी; २ न. पलाश वृक्ष का फल, किंशुक-फल; (गउड) ।

पालि स्त्री [**पालि**] १ तालाव आदि का बन्ध; (सुर १३, ३२; अंत १२; महा) । २ प्रान्त भाग; (गा ६४६) । देखो **पाली**=पाली ।

पालि स्त्री [**दे**] १ धान्य मापने का नाप; २ पल्योपम, समय का सुदीर्घ परिमाण-विशेष; (उत्त १८, २८; सुख १८, २८) ।

पालिआ स्त्री [**दे**] खड्ग-मुष्टि, तलवार की मूठ; (पाअ) ।

पालिआ देखो **पाली**=पाली; "उज्जाणपालियाहिं कविउत्तीहिं व बहुरसड्ढाहिं " (धर्मवि १३) ।

पालित्त पुं [**पादलिप्त**] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य; (पिंड ४६८; कुप्र १७८) ।

पालित्ताण न [**पादलिप्तीय**] सौराष्ट्र देश का एक प्राचीन नगर, जो आजकल भी 'पालिताणा' नाम से प्रसिद्ध है; (कुप्र १७६)।

पालित्तिअ स्त्री [**दे**] १ राजधानी; २ मूल-नीवी; ३ भंडार, निधि; ४ भंगी, प्रकार; (कप्पू)।

पालिय वि [**पालित**] रक्षित; (ठा १०; महा)।

पाली स्त्री [**पाली**] पंक्ति, श्रेणि; (गउड)। देखो **पालि**।

पाली स्त्री [**दे**] दिशा; (दे ६, ३७)।

पालीबंध पुं [**दे**] तालाव, सरोवर; (दे ६, ४५)।

पालीहम्म न [**दे**] वृति, बाड; (दे ६, ४५)।

पालेव पुं [**पादलेप**] पैर में किया हुआ लेप; (पिंड ५०३)।

पाव सक [**प्र+आप्**] प्राप्त करना। पावइ; (हे ४, २३६)। भवि—पाविहिसि; (पि ५३१)। कर्म—पाविज्जइ; (उव)। वकृ—**पावंत, पावत**; (पिंग; पउम १४, ३७)। कवकृ—**पावियंत, पावेज्जमाण**; (पण्ह १, १; अंत २०)। संकृ—**पाविऊण**; (पि ५८६)। हेकृ—**पत्तुं**, **पावेउं**; (हास्य ११६; महा)। कृ—**पावणिज्ज**, **पाविअव्व**; (सुर ६, १४२; स ६८६)।

पाव देखो **पव्वाल=**प्लावय्। पावेइ; (हे ४, ४१)।

पाव पुंन [**पाप**] १ अशुभ कर्म-पुद्गल, कुकर्म; (आचा; कुमा; ठा १; प्रासू २५), "जम्मंतरकए पावे पाणी मुहुत्तेण निद्दहे" (गच्छ १, ६)। २ पापी, अधर्मी, कुकर्मी; (पण्ह १, १; कुमा ७, ६)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] अशुभ कर्म; (आचा)। °**कम्मि** वि [°**कर्मिन्**] कुकर्म करने वाला; (ठा ७)। °**दंड** पुं [°**दण्ड**] नरकावास-विशेष; (देवेन्द्र २६)। °**पगइ** स्त्री [°**प्रकृति**] अशुभ कर्म-प्रकृति; (राज)। °**यारि** वि [°**कारिन्**] दुराचारी; (पउम ६३, ४३; महा)। °**समण** पुं [°**श्रमण**] दुष्ट साधु; (उत्त १७, ३; ४)। °**सुमिण** पुंन [°**स्वप्न**] दुष्ट स्वप्न; (कप्प)। °**सुय** न [°**श्रुत**] दुष्ट शास्त्र; (ठा ६)।

पाव पुं [**दे**] सर्प, साँप, (दे ६, ३८)।

पाव (अप) देखो **पत्त=**प्राप्त; (पिंग)।

पावंस वि [**पापीयस्**] पापी, कुकर्मी; (ठा ४, ४—पत्र २६५)।

पावक्खालय न [**दे. पापक्षालक**] देखो **पाउक्खालय**; (स ७४१)।

पावग वि [**पावक**] १ पवित्र करने वाला; (राज)। पुं. अग्नि, वह्नि; (सुपा १४२)।

पावग वि [**प्रापक**] पहुँचाने वाला; (सुपा ५००)।

पावग देखो **पाव=**पाप; (आचा; धर्मसं ५४३)।

पावज्जा (अप) देखो **पव्वज्जा** ; (भवि)।

पावडण देखो **पाय-वडण=**पाद-पतन; (प्राप्र; कुमा)।

पावड्ढि देखो **पारद्धि**; (सिरि ११०८; १११०)।

पावण वि [**पावन**] पवित्र करने वाला; (अच्चु ४७; समु १५०)।

पावण न [**प्लावन**] १ पानी का प्रवाह; २ सराबोर करना; (पिंड २४)।

पावण न [**प्रापण**] १ प्राप्ति, लाभ; (सुर ४, १११; उपपं ७)। २ योग की एक सिद्धि; 'पावणसत्तीए छिवइ मेरुसिरमंगुलीए मुणी" (कुप्र २७७)।

पावद्धि देखो **पारद्धि**; (धर्मवि १४८)।

पावय देखो **पाव=**पाप; (प्रासू ७५)।

पावय वि [**प्रावृत**] आच्छादित, ढका हुआ; (सूअ २, ७, ३)।

पावय पुंन [**दे**] वाद्य-विशेष, गुजराती में ' पावो '; (पउम ५७, २३)।

पावय देखो **पावग=**पावक; (उप ७२८ टी; कुप्र २८३; सुपा ४; पाअ)।

पावयण देखो **पवयण**; (हे १, ४४; उवा; णाया १, १३)।

पावयणि वि [**प्रवचनिन्**] सिद्धान्त का जानकार, सैद्धान्तिक; (चेइय १२८)।

पावयणिय वि [**प्रावचनिक**] ऊपर देखो; (सम ६०)।

पावरअ देखो **पावारय**; (स्वप्न १०४)।

पावरण न [**प्रावरण**] वस्त्र, कपड़ा; (हे १, १७५)।

पावरिय वि [**प्रावृत**] आच्छादित; (कुप्र ३८)।

